उत्तराखण्ड वन विकास निगम

(शिविर कार्यालय, प्रबन्ध निदेशक)

'अरण्य विकास भवन', 73–नेहरू रोड, देहरादून, दूरभाष : 0135-2657610, फैक्स : 0135-2655488

पत्रांक-वि0- 4029 /16-2-1 (ख)/जलौनी आपूर्ति (बी0पी0एल0)   दिनांक : 9 अक्टूबर 2019

सेवा में,

1. समस्त अपर प्रबन्ध निदेश /महाप्रबन्धक,
2. समस्त क्षेत्रीय प्रबन्धक/प्रभागीय प्रबन्धक,

उत्तराखण्ड वन विकास निगम,

विषय :- **प्रबन्ध मण्डल की 68वीं बैठक दिनांक 30.07.2019 के मद सं0–23 (11) में लिए गए निर्णय के अनुक्रम में राज्य में बी0पी0एल0 परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु होने पर अन्तिम संस्कार हेतु उत्तराखण्ड वन विकास निगम द्वारा निःशुल्क जलौनी उपलब्ध की सुविधा अन्त्योदय (लाल कार्ड धारकों) को भी अनुमन्य किए जाने बावत।**

संदर्भ:- इस कार्यालय का पत्रांक (1) वि0–2795/16–2–1(ख)/जलौनी आपूर्ति (बी0पी0एल0)दि. 13, अगस्त 2019 तथा पत्रांक (2) वि0–3129/16–2–1(ख)/जलौनी आपूर्ति (बी0पी0एल0)दि. 27.08.2019

महोदय

उपरोक्त संदर्भित पत्रो द्वारा प्रबन्ध मण्डल की 68वीं बैठक दिनांक 30.07.2019 के मद सं0–23 (11) में लिए गए निर्णय के अनुक्रम में राज्य में बी0पी0एल0 परिवार (सफेद कार्ड) के किसी सदस्य की मृत्यु होने पर अन्तिम संस्कार हेतु उत्तराखण्ड वन विकास निगम द्वारा निःशुल्क जलौनी उपलब्ध कराए जाने बावत निर्देश निर्गत किए गए हैं। उक्त सुविधा अन्त्योदय (लाल कार्ड धारकों) हेतु भी अनुमन्य की जाती है।

इस क्रम में निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त सुविधा का यथा आवश्यक प्रचार-प्रसार भी किया जाए और सम्बन्धित प्रकाष्ठ विक्रय डिपो/फुटकर विक्री डिपो/टाल में इस आशय की पठनीय सूचना जैसे फ्लैक्सी /साईन बोर्ड के माध्यम से भी प्रदर्शित की जाए।

कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें, यदि कोई व्यवहारिक कठिनाई हो तो अवगत कराते हुए सक्षम स्तर से निराकरण करा लिया जाए।

भवदीय,

09.10.2019

(मोनिष मल्लिक)

प्रबन्ध निदेशक

पत्रांक :- वि0-4029........../तद्दिनांकित ।

प्रतिलिपि:-निम्न को उपरोक्तानुसार संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. **निजी सचिव–मा0 अध्यक्ष**, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, देहरादून।
2. **प्रमुख सचिव**, वन एवं पर्यावरण उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. **समस्त प्रबन्धक/अधिकारी, मुख्यालय**, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, देहरादून।
4. **प्रभारी आई0टी0सेल0 मुख्यालय**, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, देहरादून को वन निगम वेबसाइड पर अपलोड किए जाने हेतु
5. प्रति–(1) शिविर पत्रावली (2) गार्ड फाईल।

09.10.2019

(मोनिष मल्लिक)

प्रबन्ध निदेशक